



एक नजर में

## युवाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता 8 मार्च को

**रतलाम।** अधीक्षक डाक घर राजेश कुमावत ने बताया कि भारतीय डाक विभाग द्वारा युवाओं हेतु अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता- 2026 के तहत 8 मार्च को प्रात: 10 बजे से 11 बजे तक रतलाम प्रधान डाकघर सैलाना बस स्टैण्ड पर पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय 'डिजिटत दुनिया में मानवीय संबंध क्यों जरूरी है, इस बारे में अपने दोस्त को एक पत्र लिखें।' प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी की आयु 9 से 15 वर्ष तक होना चाहिए। इस हेतु प्रतिभागी की आयु प्रमाणिकता जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड अथवा विद्यालय द्वारा जारी प्रमाण पत्र से की जाएगी। प्रतिभागी द्वारा रचना को पत्र के रूप में प्रस्तुत करना होगा। पत्र को अंग्रेजी अथवा भारत के संविधान की 8वीं अनुसूची में सम्मिलित भाषा में लिखा जा सकता है। पत्र स्व हस्तलिखित अधिकतम शब्द सीमा 800 शब्द में लिखा होना चाहिए। प्रतिभागी द्वारा आवेदन के साथ तीन पासपोर्ट आकार के फोटो लगाना आवश्यक है। परिमंडल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 25,000 रुपये, द्वितीय को 10,000 रुपये और तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 5,000 रुपये का नकद पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए सहायक अधीक्षक डाकघर मुख्यालय, पी आर मीना से मोबाइल नंबर 9024470229 पर संपर्क किया जा सकता है।

## होली पर्व पर रतलाम मंडल से होकर बड़ी संख्या में स्पेशल ट्रेनें संचालित

रतलाम। होली पर्व के अवसर पर यात्रियों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल से होकर वर्तमान में अनेक होली स्पेशल ट्रेनें संचालित हो रही हैं। इन ट्रेनों के संचालन से मध्यप्रदेश एवं गुजरात क्षेत्र के यात्रियों को उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, उत्तराखंड एवं राजस्थान सहित विभिन्न गंतव्यों के लिए यात्रा में विशेष सुविधा मिल रही है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रतलाम मंडल से होकर स्पेशल ट्रेनें निम्नानुसार संचालित हो रहे हैं। इनमें बांद्रा टर्मिनस - वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल। बांद्रा टर्मिनस - सूबेदारगंज सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल। असारवा - आगरा कैंट स्पेशल। डॉ. अंबेडकर नगर - पटना साप्ताहिक स्पेशलद्ध मुंबई सेंट्रल - बनारस साप्ताहिक स्पेशल / एसी स्पेशल। मुंबई सेंट्रल - कटिहार साप्ताहिक स्पेशल। वडोदरा - गोरखपुर साप्ताहिक स्पेशल। वडोदरा - मऊ साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल। वडोदरा - खातीपुरा स्पेशल। दादर - नई दिल्ली स्पेशल। वलसाड - मऊ स्पेशल। इंदौर - हजरत निजामुद्दीन द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल। इंदौर - मुंबई सेंट्रल स्पेशल। मुंबई सेंट्रल - काठगोदाम साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल। मुंबई सेंट्रल - कानपुर अनवरगंज साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल। उधना - रक्सौल साप्ताहिक विशेष। बांद्रा टर्मिनस - भिवानी सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल। मुंबई सेंट्रल - भिवानी स्पेशल। गांधीधाम - भागलपुर स्पेशल (फेरे विस्तारित)। इन स्पेशल ट्रेनों के संचालन से रतलाम मंडल क्षेत्र से होली पर घर जाने वाले यात्रियों को कन्फर्म बर्थ की उपलब्धता में सुविधा मिल रही है तथा नियमित ट्रेनों पर अतिरिक्त दबाव भी कम हुआ है। रतलाम मंडल यात्रियों से अपील करता है कि वे पूर्व आरक्षण के साथ यात्रा करें तथा सुरक्षित एवं अनुशासित यात्रा में रेलवे का सहयोग करें।

## नवयुवक मण्डल का राष्ट्रीय सम्मेलन 15 को

**जावरा।** श्रमण संघीय एकता के अग्रदूत प्रसिद्ध वक्ता जगतवल्लभ जैन दिवाकर श्रीचौथमल महाराज के श्रमण संघीय एकता के लिए दिए गए त्याग एवं किए गए प्रयासों व धार्मिक एवं आध्यात्मिक प्रेरक प्रवचनों की श्रंखलाओ से संपुर्ण भारत वर्ष में श्रमण संघ के माध्यम से एकता एवं अखंडता का जो बीजारोपण किया था, वह आज एक विशाल वटवृक्ष का रुप ले चुका है, अब आवश्यकता इस बात की है कि हम सबको मिलकर एक जुट होकर जैन दिवाकर की इस धर्म ध्वजा को उनके द्वारा श्रमण संघ व समाज के लिए लिए दिये गये त्याग व समर्पण को चिर स्थाई एवं और अधिक मजबूती प्रदान करना है। उक्त विचार जावरा,रतलाम आदि जैन दिवाकर नवयुवक मण्डल की स्थानीय इकाईयों की आयोजित बैठकों में नवयुवक मण्डल के सदस्यों को संबोधित करते हुए आल इंडिया जैन दिवाकर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आईएम सेठिया ने व्यक्त किए। डॉ सेठिया ने कहा कहा कि 15 मार्च को उदयपुर में देश भर के जैन दिवाकर गुरु भक्त नवयुवक मण्डल का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया है। जिसमें एक जुट होकर उदयपुर में उपस्थिति दर्ज करा कर न केवल सम्मेलन को सफल बनाना है बल्कि अपनी गुरु भक्ति का परिचय देकर जग में चमके जैन दिवाकर के नारे को सार्थक करना है। डॉ सेठिया ने कहा कि विगत दिनों चितौड़ में जैन दिवाकर संगठन समिति का राष्ट्रीय सम्मेलन हो चुका है। 15 मार्च को उदयपुर में हमारा राष्ट्रीय युवा सम्मेलन आयोजित है व इसी प्रकार महिला मण्डल एवं बहु मण्डल के भी राष्ट्रीय महा सम्मेलन आयोजित करने की तैयारिया हम कर चुके हैं, जिसकी तारिखो की शिघ्र घोषणा की जाएगी।

## 'द वन एंड ओनली' कैंपेन लॉन्च

**रतलाम.** ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने अपना नया कैंपेन 'द वन एंड ओनली' लेकर आया है- सफलता की एक नई और प्रभावशाली कहानी. आज के समय में, जब सफलता के कई रूप दिखाई देते हैं और प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है, तब ब्रांड एक सरल सच सामने लाता है. इस नए कैंपेन में इस भावना को तीन चेहरों ङ्क अवंती नगरथ, किरनदीप चहल और माहका शर्मा- के जरिए दिखाया गया है। ये तीनों ब्रांड के अलग-अलग पहलुओं को दर्शाती हैं. देबाश्री दासगुप्ता, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, पर्नोड रिकार्ड इंडिया ने कहा, ब्लेंडर्स प्राइड हमेशा स्टाइल और प्रतिष्ठा के साथ सफलता की ताकत पर विश्वास करता रहा है. 'द वन एंड ओनली' सफलता की एक नई सोच पेश करता है, जो अलग पहचान से प्रेरित है. यह उस सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को उजागर करता है कि आज भारत का महत्वाकांक्षी युवा केवल सफल होना ही नहीं चाहता, बल्कि आत्मविश्वास के साथ अलग पहचान भी बनाना चाहता है. सफलता की इसी नई सोच के साथ ब्लेंडर्स प्राइड युवाओं की प्रबल आकांक्षाओं को दर्शाता है और एक प्रेरणादायक सांस्कृतिक लीडर के रूप में अपनी पहचान और मजबूत करता है.

# आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में 'सिस्टम' से खेल, 12 पर केस

▸ रतलाम पब्लिक स्कूल जांच के घेरे में

**जांच में यह आया सामने**

जांच में सामने आया कि जिन 12 अभ्यर्थियों ने इस परीक्षा में 90 से अधिक अंक प्राप्त कर 100 पर्सेंटाइल हासिल किया, वे पूर्व में पुलिस भर्ती एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में 50 से कम अंक प्राप्त कर चुके थे। अचानक आए इस बड़े अंतर ने अधिकारियों को जांच के लिए प्रेरित किया।

**11 शहरों में आयोजित हुई थी परीक्षा**

11 शहरों में आयोजित हुई थी परीक्षा आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 9 से 21 सितंबर 2025 के बीच भोपाल, इंदौर, रतलाम सहित प्रदेश के 11 शहरों में आयोजित की गई थी। कुल 2,40,010 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे, जिनमें से 1,10,0×2 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। परिणाम 5 फरवरी को घोषित किए गए थे। मंडल के प्रिंसिपल सिस्टम एनालिस्ट की लिखित शिकायत के आधार पर तकनीकी अनियमितताओं की पुष्टि की गई। इस संबंध में एमपी नगर थाना में शून्य पर जालसाजी का प्रकरण दर्ज किया गया। घटना स्थल रतलाम होने के कारण केस डायरी को रतलाम के संबंधित थाने में स्थानांतरित कर दिया गया है। पुलिस ने 12 अभ्यर्थियों सहित अन्य संदिग्ध व्यक्तियों को आरोपी बनाते हुए मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा-2024 में बड़े गड़बड़झाले का खुलासा हुआ है। सिस्टम से कथित छेड़छाड़ और परीक्षा प्रक्रिया में अनियमितताओं की आशंका के चलते अब पूरे मामले की गंभीर जांच की जा रही है।

मामले में रतलाम परीक्षा केंद्र से परीक्षा में शामिल हुए 12 अभ्यर्थियों के खिलाफ मंडल ने एफआईआर दर्ज कराई है। सभी अभ्यर्थी रतलाम स्थित रतलाम पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्र पर परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। उल्लेखनीय है कि इस विद्यालय को पहली बार परीक्षा केंद्र बनाया गया था। तकनीकी जांच में पाया गया कि संबंधित अभ्यर्थियों ने दो घंटे की कंप्यूटर आधारित परीक्षा में अत्यंत असामान्य गति से प्रश्न हल किए। कुछ अभ्यर्थियों ने मात्र 15 से 30 मिनट के भीतर ही 100 प्रश्नों के उत्तर दर्ज कर दिए। इसके बाद शेष समय वे निष्क्रिय बैठे रहे। परीक्षा लॉग में सामान्य स्क्रीन मूवमेंट, प्रश्नों के बीच नेविगेशन या रफ वर्क के संकेत भी नहीं मिले, जिससे संदेह गहरा गया।

मंडल ने 5 फरवरी को परिणाम घोषित करने से पहले उच्च पर्सेंटाइल प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का विशेष तकनीकी विश्लेषण कराया। जांच में सामने आया कि जिन 12 अभ्यर्थियों ने इस परीक्षा में 90 से अधिक अंक प्राप्त कर 100 पर्सेंटाइल हासिल किया, वे पूर्व में पुलिस भर्ती एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में 50 से कम अंक प्राप्त कर चुके थे। अचानक आए इस बड़े अंतर ने अधिकारियों को जांच के लिए प्रेरित किया। सीसीटीवी फुटेज और डिजिटल लॉग की जांच में यह आशंका जताई गई है कि सभी संदिग्ध अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर एक ही व्यक्ति द्वारा सहायता उपलब्ध कराई गई। हालांकि अभ्यर्थी अलग-अलग तारीखों और शिफ्ट में परीक्षा देने पहुंचे थे, लेकिन केंद्र समान रहा। गिरोह की भूमिका की संभावना जताई जा रही है। जांच अधिकारियों के अनुसार परीक्षा के दौरान न तो रफ शीट का उपयोग हुआ और न ही सामान्य परीक्षा गतिविधियां दर्ज हुईं।



## 36 पेटी अवैध शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना सरवन पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सैलाना नीलम बघेल के निर्देशानुसार क्षेत्र में अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध सतत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार सोमवार को मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर थाना सरवन पुलिस द्वारा ग्राम कोलपुरा में दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी के मकान से कुल 36 पेटी अवैध शराब बरामद की गई। मौके से आरोपी विनोद पिता नार चरपोटा, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम कोलपुरा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के पास से 34 पेटी माउंट्स ओरिजिनल सुपर बीयर (कीमत 49,920), 02 पेटी सफेद मदिरा प्लेन (कीमत 8,000) कुल 426 लीटर अवैध शराब, अनुमानित कुल कीमत 57,920 जब्त की गई।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

निरीक्षक अर्जुन सेमलिया, उपनिरीक्षक के.एल. रजक, प्रधान आरक्षक सूर्यपाल सिंह, आरक्षक 324 हिम्मत सिंह, आरक्षक 745 गजपाल सिंह, आरक्षक 896 विमल की सराहनीय भूमिका रही।



## ज्ञापन सौंप चर्चा की, मिला आश्वासन

**रतलाम।** 20 वर्षों से कार्यरत रेलकर्मी एवं सेवानिवृत्त रेलवे पेंशनरों को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में दी कैशलेस रिजर्वेशन सुविधा को बंद किया हैं। आंल इंडिया रेलवे पेंशनर वेलफेयर फेडरेशन द्वारा मंडल रेल प्रबंधक अश्विनी कुमार को ज्ञापन सौंप चर्चा की। इस दौरान वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की। मंडल रेल प्रबंधक ने विचार करेंगे तथा हल खोजेंगे कहां।

एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष प्रकाश चंद्र व्यास ने बताया कि मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय के आसपास कॉलोनी में रेलकर्मी एवं सेवानिवृत्त रेलवे पेंशनर उनके परिवार निवास करता है नजदीक होने के कारण आसानी से यहां रिजर्वेशन हो सकता था और किसी परेशानी का सामना अभी तक नहीं हुआ,यह बात सत्य है कमी जरूर आई है लेकिन उसकी वैकल्पिक व्यवस्था में उसे आधा दिन कैशलेस काउंटर खोल दिया जाए या कैशलेस और कैश काउंटर दोनों चालू किया जा सके। स्टेशन पर भी स्टेशन परिसर में पार्किंग रेलवे पेंशनर्स के लिए नि:शुल्क किया जाए। इस अवसर पर एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष प्रकाश चंद्र व्यास वरिष्ठ सलाहकार एवं पूर्व वेस्टर्न रेलवे एम्पलाई यूनियन के मंडल मंत्री रामखेलावन कुमायूं , देवेंद्र वर्मा ,सुधीरकांत दुबे,संतोष कुमार सोनी, दशरथ शर्मा, यू एल जायसवाल आदि उपस्थित थे।

## मारपीट कर घर के कवेलू और वाहन के कांच फोड़े

**रतलाम।** जिले के रावटी थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगत में हुए विवाद में मारपीट और तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। हुए विवाद में पुत्री भी उतारे और हमला कर जान से मारने की धमकी दी।

जिले के रावटी थाना क्षे के ग्राम सिंगत में हुए विवाद में एक मकान के कवेलु और लोबेरो वाहन में तोड़फोड़ कर नुकसान किया। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर चार लोगों पर प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार सिंगत निवासी बहादुर पिता जीवणा मालीवाड़ का वहीं के निवासी फुलसिंग पिता मावजी गामड़ का विवाद हो गया।

विवाद में फुलसिंग ने बेट जितेंद्र, कमल, शंकर पिता नरु गामड़ ने बदादुर के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने मारपीट कर घर के कवेलु तोड़े और भतीजे के बोलेरो वाहन के कांच फोड़ कर नुकसान किया। फरियादी की रिपोर्ट पर रावटी पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

## आंगनवाड़ी केंद्रों पर पहुंचा दल, निरीक्षण में दिखी अनियमितता

▸ एक दिवस के पोषण आहार की राशि काटी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में आंगनवाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन सख्त नजर आ रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में कई केंद्रों पर पोषण आहार की मात्रा, गुणवत्ता और स्वच्छता से जुड़ी अनियमितताएं सामने आईं। निरीक्षण के बाद संबंधित स्व सहायता समूहों के एक दिवस के पोषण आहार देयक को अमान्य करते हुए राशि में कटौती की कार्रवाई की गई है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रामनिवास बुधोलिया ने बताया कि कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशानुसार जिले में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों की मॉनीटरिंग हेतु विकसित व्यवस्था के अंतर्गत 02 मार्च को जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान कुछ केन्द्रों पर हितग्राहियों की संख्या के अनुसार भोजन की मात्रा अपर्याप्त, भोजन की गुणवत्ता असंतोषजनक तथा किचन में बर्तनों की स्वच्छता भी संतोषजनक नहीं पाई गई।

उक्त अनियमितताओं के आधार पर आंगनवाड़ी केन्द्रों से संबंधित स्थानीय स्व सहायता समूहों का 02 मार्च का एक दिवस का पोषण आहार देयक अमान्य करते हुए आंगनवाड़ी केंद्र पाडलिया (जोधपुरा) बाजना के गंगा स्व सहायता समूह, आंगनवाड़ी केंद्र कॉचला सैलाना के मन मन्दिर स्व सहायता समूह, कॉचला, आंगनवाड़ी केंद्र गाँधी नगर पश्चिम रतलाम शहर-1 के आरती स्व सहायता समूह जवाहर नगर रतलाम , आंगनवाड़ी केंद्र राजस्व कॉलोनी रतलाम शहर-1 के भेरूनाथ स्व सहायता समूह, त्रिपोलिया गेट, रतलाम, आंगनवाड़ी केंद्र सुभाष नगर-3 रतलाम शहर-1 के शिव स्व सहाय ता समूह, शिवनगर, रतलाम की एक दिवस की पोषण आहार राशि की कटौती की गई है।

## दो नेत्रदान से चार नेत्रहीनों को मिलेगी नई रोशनी

▸ नेत्रम संस्था के प्रयासों से सफलतापूर्वक नेत्रदान

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** नेत्रम संस्था के प्रयासों से सफलतापूर्वक दो नेत्रदान संपन्न हुए। अब इस प्रयास से 4 दृष्टिहीन व्यक्तियों को नई रोशनी मिलेगी।

प्रथम नेत्रदान काटजू निवासी स्व. यतीन्द्र कुमार सावनसुखा के निधन उपरांत उनके पुत्र जितेन्द्र सावनसुखा, पुत्री रेणु प्रवीण पारीख, उषा विजय सुराणा एवं दीपिका सुनील दासोत ने रेडक्रॉस सोसायटी के संचालक सुनील पारीख की प्रेरणा से नेत्रदान का निर्णय लिया। परिजनों की सहमति मिलते ही गीता भवन न्यास के ट्रस्टी एवं नेत्रदान प्रभारी डॉ. जी.एल. ददरवाल को सूचित किया गया। उनके मार्गदर्शन में टीम सदस्य उमाशंकर मेहता एवं परमानंद राठौड़ ने तत्परता से पहुँचकर नेत्र संरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण सम्मान एवं विधिसम्मत तरीके से संपन्न की।

इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष शैलेन्द्र तिवारी, हेमन्त मूणत, प्रशान्त व्यास, शलभ अग्रवाल, सुशील मीनु माथुर एवं भगवान ढलवानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

द्वितीय नेत्रदान नामली निवासी स्व. अनोखी लाल कावड़िया की धर्मपत्नी श्रीमती दाखाबाई कावड़िया के निधन के पश्चात उनके पुत्र महेंद्र कुमार एवं संजय कुमार कावड़िया ने रोहित रूनवाल एवं ओमप्रकाश अग्रवाल की प्रेरणा से नेत्रदान का संकल्प लिया। परिजनों की सहमति प्राप्त होते ही रतलाम मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. अनीता मुथा को सूचना दी गई। उनके निर्देशन में नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ. रिशेन्द्र सिसोदिया के नेतृत्व में नर्सिंग ऑफिसर राजवंत सिंह एवं विनोद कुशवाह ने नेत्रदान की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण की। नेत्रदान दल को दिवंगत के निवास स्थान तक लाने एवं पुन: मेडिकल कॉलेज पहुँचाने की संपूर्ण व्यवस्था नेत्रम संस्था के सदस्य ओमप्रकाश अग्रवाल द्वारा अपने निजी वाहन से की गई। इस दौरान शुभाष कोठारी एवं राजेश भंसाली सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

## महिला से मारपीट

**रतलाम।** जिले के बड़ावदा थाना क्षेत्र के ग्राम खेरोदा निवासी पपीता पति देवसिंह गुर्जर उम्र 24 वर्ष का वहीं के निवासी जुझारसिंह पिता माधुजी गुर्जर का किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद में जुझार सिंह ने बेटे राजपाल गुर्जर, पत्नी ममताबाई के साथ मिलकर पपीता के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकण दर्ज किया। वहीं पुराने विवाद को लेकर बड़ावदा थाना क्षेत्र के ग्राम मगरा में धापुबाई पति राधेश्याम गोलिया निवासी ग्राम पानवासा थाना खाचरोद (उज्जैन) का गोविंद पिता गणपत का विवाद हो गया। विवाद में गोविंद ने धापुबाई के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

## जेएसजीआईअएफ की एमपी रीजन एक कार्यशाला

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन के अंतर्गत मप्र रीजन पदाधिकारियों द्वारा कर्तव्यों के बारे में प्रशिक्षित करने हेतु लगाई गई कार्यशाला हुई।

कनवीनर संदीप चौरड़िया और जेएसजी रतलाम ग्रेटर के पदाधिकारियो के नेतृत्व में किया गया। कार्यशाला चैयरमेन जयेश भाई शाह ने सफल संचालन किया। जेएसजीआईएफ के अध्यक्ष वीरेन भाई शाह, आगामी अध्यक्ष मनीष कोठारी ,सचिव मनीष भाई शाह ,रीजन चैयरमैन राहुल चपरोद,रीजन सचिव अश्विन मेहता ने सभी पदाधिकारियों को सफल कार्यकाल के लिए सूत्र दिये । इंदौर से पधारे मोटिवेशनल स्पीकर स्वप्निल कोठारी ने सभी को सम्बोधित करते हुए सफल लीडर बनने के फार्मूले बताए। जेएसजीआईएफ संगिनी चैयरमेन मती पंकज वढेरा ने उपस्थित सभी महिला सदस्यों को संगिनी ग्रुप खोलने और संचालन के सूत्र दिए। माल्यार्पण डीपी सिलवर के निखिल मूणत ने किया । रचना चौरड़िया, मधु गोधा, बबिता पावेचा, सरिता धींग, सोनू गेलड़ा ने नवकार मन्त्र प्रस्तुत व परी मूणत ने स्वागत नृत्य प्रस्तुति किया। स्वागत रीजन अध्यक्ष राहुल चपलोद, सचिव अश्विन मेहता, उपाध्यक्ष ललित कांठेड़, कोषाध्यक्ष अमित कोठारी, जेएसजीआईएफ के पूर्व उपाध्यक्ष दीपेंद्र कोठारी ,जोन चैयरमेन निर्मल मेहता और कार्यशाला कन्वीनर और ग्रेटर ग्रुप अध्यक्ष सन्दीप चौरड़िया आदि ने स्वागत किया।

## लक्ष्मणदास हत्याकांड में इकबाल और कविता को उम्रकैद की सजा

**जावरा।** शहर के प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश जेबीएस राजपूत के न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए लक्ष्मणदास हत्याकांड के मुख्य आरोपी इकबाल और उसकी सहयोगी कविता को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने दोनों आरोपियों को विभिन्न धाराओं में आजीवन कारावास और आर्थिक दंड से दंडित किया।

मामला 6 जून 2023 का है, जिसमें आरोपियों ने लक्ष्मणदास की हत्या की थी और शिशिर नामक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किया था। पुलिस थाना पिपलौदा ने अपराध क्रमांक 195/2023 के तहत धारा 302, 307, 341, 34 भा.द.सं. एवं धारा 25/27 आयुध अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया था। शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक गगन श्रीमाल ने इस जटिल मामले में अत्यंत प्रभावी और साक्ष्य-आधारित पैरवीकी। श्रीमाल ने न्यायालय के समक्ष चक्षुदर्शी साक्ष्यों के बयान, मेडिकल साक्ष्य और वैज्ञानिक रिपोर्ट को इतनी मजबूती से प्रस्तुत किया कि आरोपियों का अपराध निर्विवाद रूप से सिद्ध हुआ। अभियोजन की इन्हीं दलीलों के आधार पर न्यायालय ने यह कठोर फैसला सुनाया है। मुख्य आरोपी इकबाल को न्यायालय ने धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और 20,000 रुपये अर्थदंड, धारा 307 के तहत 10 वर्ष का कठोर कारावास और आर्म्स एक्ट के तहत भी आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सह-आरोपी कविता को हत्या की साजिश में शामिल होने के कारण आजीवन कारावास और 20,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई। अभियोजन पक्ष की इस बडी जीत में एडवोकेट गगन श्रीमाल की विशेष और निर्णायक भूमिका रही।

एक नजर में ▸ बैठक में आय व्यय प्रस्तुत किया, होगी निबंध प्रतियोगिता

## महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव 28 से, चार दिन होंगे आयोजन




**प्रभात फेरी और चल समारोह निकलेगा**

बैठक मे जन्मकल्याणक महोत्सव में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों पर भी चर्चा की तथा 28 मार्च से कार्यक्रम प्रारंभ होगे, जिसमें महिलाओं,बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताए विभिन्न समितियों के तत्वावधान मे प्रायोजित कर आयोजित की जाएगी। 29 मार्च को प्रात: चोपाटी क्षेत्र एवं 30 मार्च को नगर मे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। 31 को चल समारोह निकलेगा। बैठक मे श्रीसंघ अध्यक्ष इंदरमल टुकडिया, अजीत चत्तर, प्रकाश चोरडिया, संरक्षक चन्द्रप्रकाश ओस्तवाल, धरमचन्द्र चपडोद, अशोक चोपडा, अभय सुराणा, महिला समिति संयोजिका चित्रा ओस्तवाल, प्रमिला धारीवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संपुर्ण आयोजन को मनाने के लिए अपने अमुल्य सुझाव दिए।

**जावरा।** श्री संयुक्त जैन महावीर जयंती उत्सव समिति द्वारा तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव 28 मार्च से 31 मार्च तक नगर मे धुमधाम से मनाते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मुख्य समारोह 31 मार्च को होगा, जिसमे भव्य चल समारोह धर्मसभा एवं सकल श्रीसंघ का स्वामीवात्सल होगा। उपरोक्त निर्णय उत्सव समिति की जैन पंचायती नोहरा मे संपन्न बैठक मे लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष अभय कोठारी ने पिछले वर्ष आयोजित कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया की पिछले वर्ष समिति द्वारा आयोजन के लिए स्थाई फण्ड योजना प्रारंभ की थी उसे इस वर्ष भी जारी रखेगे, इस हेतु 500 राशी निर्धारित की गई है, जिसमे पिछले वर्ष 40 लोगो ने राशी प्रदान की। साथ ही 1100 की राशि स्वर्गीय अनिल कुमार धारीवाल की स्मृति में धारीवाल परिवार द्वारा प्रदान कर स्मृति स्थाई फण्ड की शुरुआत की गई है। आपने बताया की पूर्व मे सरदारमल धारीवाल द्वारा अपनी धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती सुशीला देवी धारीवाल की स्मृति में 1 लाख रुपये स्थाई फण्ड मे प्रति वर्ष निबंध प्रतियोगिता के लिए दी है, जिसके ब्याज से पिछले वर्ष प्रतियोगिता आयोजित कर प्रथम 2 हजार द्वितीय 1500 एवं तृतीय पुरस्कार 1 हजार की राशी विजेताओं को दी गई थी। इस वर्ष भी निबंध प्रतियोगिता 22 मार्च को सांदीपनी विघालय मे आयोजित की जा रही है, जिसका विषय अहिंसा का महत्व ओर उसकी प्रासंगिकता रखा गया है। बैठक मे कोषाध्यक्ष कैलाश बारोड द्वारा पिछले वर्ष का 3,17,065/ आय - व्यय विवरण प्रस्तुत किया। सरदारमल धारीवाल, महावीर छाजेड, अजीत राका, सुजानमल ओरा, राजेश पोखरना, प्रकाश जैन पटवारी, विजय धारीवाल, सुभाष डुगरवाल, रमेशचन्द्र बोहरा, विमल सिसोदिया, श्रीमती अंतिमा मेहता, पायल भण्डारी, सोनल पगारिया, आस्था पगारिया,अभय काठेड, ऋषभ पटवा, अमित पोखरना, राजेन्द्र धारीवाल, दीपक हिंगड़, कमलेश चौहान आदि उपस्थित थे।

## मुख्य परीक्षकों की परीक्षा निर्देश, बैठक आयोजित

**जावरा।** मूल्यांकन केंद्र कमला नेहरू शासकीय उमावि जावरा में कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन कार्य को लेकर मुख्य परीक्षकों की परीक्षा निर्देश बैठक आयोजित की गई। बैठक में मूल्यांकन केंद्र अधिकारी सुमित्रा बामनिया, सहायक मूल्यांकन केंद्र अधिकारी पुष्पा अल्फ्रेड व नितेश शर्मा, बीआरसीसी राजेश भावसार, ब्लॉक परीक्षा प्रभारी श्री मुकेश देवड़ा, खंड अकादमिक समन्वयक महावीर भंडारी, स्ट्रांगरूम प्रभारी राजेंद्र सोनी, जन शिक्षक रितेश चोपड़ा व सुरेश गायरी उपस्थित रहे। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार मूल्यांकन दिनांक का 5 मार्च से 14 मार्च की अवधि में पूर्ण किया जाना है। अधिकारियों द्वारा मुख्य परीक्षकों को निर्धारित उत्तरमाला के आधार पर प्रश्नवार अंकन करने, कुल अंकों का सही योग करने व पोर्टल पर अंको की प्रविष्टियां सावधानी पूर्वक करने एवं उत्तर पुस्तिकाओं की गोपनीयता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।